# यूपीईएस के एमबीए छात्र इमर्सिव टेक्नोलाजी से जुड़े

जागरण संवाददाता, देहरादून : यूपीईएस के स्कूल आफ बिजनेस ने दुनिया के प्रसिद्ध संस्थान ईसिआड एक्सआर के सहयोग से अत्याधुनिक इमर्सिव एजुकेशनल टेक्नोलाजी की समग्र जानकारी जुटाई। इमर्सिव लर्निंग में ईसिआड एक्सआर दुनिया का अग्रणी संस्थान माना जाता है। संस्थान के विशेषज्ञों ने शुक्रवार को छात्रों को कई सत्रों में नवीन जानकारी दी। यूपीईएस भारत के उन संस्थानों में शामिल हो गया है, जिसकी मैनेजमेंट शिक्षा में एक्सटेंडेड रियलिटी एक्सआर को अपने एमबीए पाठ्यक्रम में शामिल किया है।

- यूपीईएस ने ईसिआड एक्सआर के सहयोग से इमर्सिव लर्निंग शुरू की
- तकनीकी सत्र में छात्रों को अवोकाडो केस और मिशन टू मार्स की जानकारी दी




यूपीईएस के छात्र सेमीनार के दौरान वर्चुअल रियलिटी हेडसेट पहनकर इमर्सिव और प्रभावशाली परिवेशों की जानकारी लेते हुए ● सौजन्य: विवि

पहले तकनीकी सत्र में छात्रों को अवोकाडो केस और मिशन टू मार्स की जानकारी दी गई। जिसका उद्देश्य आलोचनात्मक सोच और टीम सहयोग को बेहतर बनाना था। वर्चुअल रियलिटी हेडसेट पहनकर छात्र इमर्सिव और प्रभावशाली परिवेशों में पहुंचे और जांजीबार के धूप से चमकते समुद्र तटों पर रणनीति बना रहे थे, कभी मंगल अभियान के कमांड सेंटर्स में महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे थे। इस तकनीक ने छात्रों को एक अनोखा अवसर प्रदान किया, जिसमें वे बहु इंद्रियात्मक वातावरण में जटिल व्यावसायिक परिस्थितियों के साथ सीधे रूप से जुड़ सके, जो वास्तविक दुनिया की परिस्थितियों के बहुत करीब था। इस पहल से छात्रों में उत्साह देखा गया, क्योंकि उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से जाना कि कैसे इमर्सिव टेक्नोलाजी पारंपरिक शिक्षा से अलग कौशल को निखार सकती है। ईसिआड एक्सआर की ओर से संचालित सत्र ने केवल ज्ञान नहीं, बल्कि एक संपूर्ण अनुभव प्रदान किया, जिसमें छात्र व्यावहारिक निर्णय लेने की क्षमताओं को एक सुरक्षित लेकिन चुनौतीपूर्ण वातावरण में विकसित करते हैं। यूपीईएस अगले सेमेस्टर से एमबीए कार्यक्रम में एक्सआर सिमुलेशंस को औपचारिक रूप से शामिल करेगा। छात्रों को आज के तेजी से बदलते व्यावसायिक परिदृश्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से उन्नत और अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। यूपीईएस स्कूल आफ बिजनेस के डीन राहुल नैनवाल ने कहा, यूपीईएस में हमारा निरंतर प्रयास है कि हम छात्रों को उन्नत और अनुभव आधारित शिक्षण विधियों के माध्यम से प्रासंगिक और भविष्य केंद्रित कौशल प्रदान करें। ईसिआड एक्सआर के साथ यह साझेदारी उसी दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे कक्षा में इमर्सिव टेक्नोलाजी लाकर हम अपने एमबीए छात्रों को आज के जटिल और तेजी से बदलते कारोबारी माहौल के लिए बेहतर तरीके से तैयार कर रहे हैं।